## सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बावजूद कार्रवाई को राजी नहीं खनिज विभाग

# सीएम राईज, कॉलेज, आईटीआई कॉलेज, म्यूजियम छात्रावास निर्माण कार्यों के सामने देखा जा सकता रेत का अवैध भंडारण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया तहसील में रेत का अवैध उत्खनन बरसों से होता चला आ रहा है। इससे अब तक करोड़ों रुपए राजस्व की हानि खनिज एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से होती चली आ रही है, वहीं गिट्टी के लिए उपयुक्त पत्थर के रूप में मिली गौड खनिज में भी क्रशर संचालक रॉयल्टी की चोरी कर राजस्व की हानि शासन को पहुंच कर चांदी काट रहे हैं।

इन रेत, गिट्टी की रॉयल्टी चोरी करने वालों पर भी खनिज विभाग कार्यवाही करने बिल्कुल भी तैयार नहीं है। वहीं राजस्व विभाग के अधिकारियों के मिले होने के बावजूद भी अपने आपको इस कार्रवाई से अलग मानकर गिट्टी रॉयल्टी रेत चोरी करवाने के अघोषित सहयोगी बने हुए हैं। वहीं खनिज निरीक्षक की कार्य प्रणाली भी शासन के हित में कम और रेत चोरों के हित में ज्यादा नजर आ रही है। प्रतिदिन सैकड़ों घन मीटर रेत की चोरी खुलेआम हो रही है, लेकिन खनिज निरीक्षक जानते बूझते हुए भी इस चोरी से अनजान है। अब आलम यह हो गया कि चोरी की रेत तामिया में करोड़ों के निर्माण जिनमें सीएम राईज स्कूल भवन, आईटीआई कॉलेज, भारिया ढाना में म्यूजियम, कॉलेज भवन, निर्माण, फॉरेस्ट के सामने छात्रावास, सामुदायिक भवन निर्माण में हजारों घन मीटर रेत लग रही है जिसमें यह ठेकेदार चोरी की रेत खरीद कर लग रहे हैं। इस कारण शासन को राजस्व की हानि चोरी कर लगातार पहुंचा रहे हैं।

इन निर्माण स्थलों पर रेत के ढेर देखे जा सकते हैं जो इस बात का पुख्ता सबूत है कि रेत चोरी पकड़ने वाले पकड़ने को तैयार नहीं है, वहीं खनिज निरीक्षक की सुस्त कार्य प्रणाली या मिलीभगत कहें जो इन निर्माण स्थल पर पड़े रेत के ढेर पर जब्ती की कार्रवाई करने को तैयार नहीं है, वहीं इनकी रेत चोरों पर कार्यवाही नहीं करने के कारण ग्रामीणों ने सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की लेकिन वर्तमान में हुई शिकायत क्रमांक 32444 755 पर एक सप्ताह तक खनिज अधिकारी ने संज्ञान लेना तक उचित नहीं समझा तो समझा जा सकता है कि तामिया में रेत चोरी पर कार्रवाई करने के लिए खनिज विभाग एवं खनिज निरीक्षक कितनी रुचि रखते हैं। यह निर्माण स्थलों पर लगे रेत के ढेर एवं सीएम हेल्पलाइन में हुई शिकायत से कार्रवाई नहीं होने से समझा जा सकता है। ग्रामीणों का ऐसा मानना है कि खनिज विभाग को तामिया तहसील से मुक्त कर दिया जाए, जिससे शासन प्रशासन की बदनामी भी ना हो और रेत की चोरी होती रहे क्योंकि रेत की चोरी सरकारी संपदा की चोरी है। इसलिए कुछ लोग ही इस पर कार्रवाई करवाने आगे आते हैं।

## ड्रोन दीदी बनकर प्राप्त कर रही है अतिरिक्त आय

# प्राकृतिक खेती से किसान लक्ष्मीबाई बनीं लखपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

छिन्दवाड़ा जिले के बिछुआ विकासखंड के झांमटा गाँव की निवासी श्रीमती लक्ष्मीबाई पति श्री महेश घाघरे ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि निष्ठा, मेहनत और सही तकनीक के साथ खेती की जाए तो प्राकृतिक संसाधनों के सहारे भी आत्मनिर्भर बना जा सकता है। श्रीमती घाघरे ने 1 हेक्टेयर भूमि में प्राकृतिक खेती की शुरुआत की, जिसमें वर्तमान में अरहर की फसल लहरा रही हैं। प्राकृतिक खेती के अंतर्गत वे जीवामृत, घनजीवामृत, ब्रम्हास्त्र, अग्निआस्त्र, वेस्ट डी-कंपोज़र तथा अजोला जैसे जैविक उत्पादों का उपयोग करती हैं।

**प्राकृतिक खेती अपनाने के बाद** - प्राकृतिक अरहर उत्पादन में 30,000 रुपये की लागत से 1 लाख रुपये की आय प्राप्त हुई, जिससे 70,000 रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। वर्मी कम्पोस्ट निर्माण से 35,000 रुपये की लागत पर 80,000 रुपये की आय हुई, जिससे 45,000 रुपये का लाभ अर्जित किया। केंचुआ विक्रय से मात्र 5,000 रुपये की लागत पर 55,000 रुपये की आय हुई, जिससे 50,000 रुपये का शुद्ध लाभ मिला। इस तरह कुल 70,000 रुपये की लागत पर श्रीमती लक्ष्मीबाई ने 2.35 लाख रुपये की आय प्राप्त की और 1.65 लाख रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया।

**तकनीकी नवाचार और सम्मानजनक भूमिका** - श्रीमती लक्ष्मीबाई को कृषि विभाग द्वारा ॅनमो ड्रोन दीदीॅ योजना से जोड़ा गया है। इस योजना के तहत उन्हें दक्ष इंडिया की सहायता से ड्रोन प्रदान किया गया, जिससे उन्होंने लगभग 15-20 कृषकों के खेतों में प्रति एकड़ 500 रुपये की दर से ड्रोन तकनीक का उपयोग कर अतिरिक्त आय प्राप्त की। इस पहल से वे न केवल एक सफल महिला कृषक बनी हैं, बल्कि आधुनिक कृषि तकनीक की उपयोगकर्ता भी बन गई हैं।

# जैव विविधता को बचाने प्रदूषण को करना होगा कम

## पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा में जैव विविधता कार्यशाला सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जीव-जंतु, पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, पर्वत-पहाड़ व सूक्ष्म से सूक्ष्म जीव-जंतु जो आंखों से दिखाई भी नहीं देते उन सभी के संरक्षण की जिम्मेदारी हम सबकी है, यह सब जैव विविधता के अंतर्गत आते हैं। सभी में विभिन्न प्रकार की विभिन्नताएं विशेष कर जीवों में विविधता कहलाती है, यह बातें विश्व जैव विविधता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यशाला में बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति छिंदवाड़ा के द्वारा युवाओं एवं समाजसेवियों के द्वारा कही गई।

गत दिवस स्थानीय पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा में मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड भोपाल वन विभाग के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला शिक्षाविद डॉ.माया शर्मा के मुख्य आतिथ्य में एवं म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन की अध्यक्षता में एवं बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति के अध्यक्ष व समाजसेवी श्री विनोद तिवारी के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुई ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ.माया शर्मा ने सभी को जैव विविधता संरक्षण के लिये प्रेरित करते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण भी पर्यावरण के लिए कितने घातक है, हम सभी जानते है। हमें सभी प्रकार के प्रदूषण को रोकना होगा, तभी हमारी जैव विविधता भी संरक्षित हो सकती है।

इस अवसर पर जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने जैव विविधता संरक्षण की शपथ दिलाई एवं उन्होंने कहा कि जैव विविधता के संरक्षण से ही सभी के अस्तित्व की रक्षा हो पाएगी । हम सभी का दायित्व है कि हम अपने छोटे-छोटे प्रयासों से जैव विविधता का संरक्षण करें।

## अतिक्रमण हटाने हेतु आयोजित हुई बैठक, कलेक्टर के निर्देश पर होगी संयुक्त कार्यवाही करेंगे विभिन्न विभाग

# निगम फिर करेगा शहर से अतिक्रमण हटाने की मुहिम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

जिला कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह के निर्देश पर नगर निगम सभाकक्ष में मंगलवार को शहर में फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नगर निगम महापौर विक्रम अहके, निगमायुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय एवं छिंदवाड़ा एसडीएम श्री सुधीर जैन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे जबकि पुलिस विभाग की ओर से यातायात प्रभारी श्री राकेश कुमार तिवारी उपस्थित रहे।

इस बैठक में आगमी दिवसों कार्यवाही की रूपरेखा भी बनाई गई।निगमायुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय ने निर्देश दिए कि ऐसे वाहन जो सड़क पर खड़े हो रहे है, उन पर लगातार चालानी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में एसडीएम श्री सुधीर जैन ने निर्देश दिए है कि अतिक्रमणकारियों को विद्युत कनेक्शन न दिए जाए इसके साथ ही पूर्व में दिए विद्युत कनेक्शन भी काटे जाए। विभिन्न अवसरों पर शहर के डिवाइडर के बीच में अवैध रूप से होर्डिंग एवं फ्लेक्स लगाए जा रहे इन्हें लगातार हटाने एवं इन पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में नगर निगम महापौर विक्रम अहके ने शहर में नए हॉकर्स जोन बनाने के लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कार्यवाही हेतु स्थान एवं दिनांक निर्धारित करने के निर्देश दिए गए। शहर के सभी मुख्य सड़कों एवं बाजारों में नगर निगम, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन संयुक्त कार्यवाही करेंगे। इस दौरान बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि के रूप में पूर्व निगम अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र मिगलानी, कार्यपालन यंत्री श्री ईश्वर सिंह चंदेली, तहसीलदार श्री सच्चिदानंद त्रिपाठी तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी, वरिष्ठ नेता श्री मनोज सक्सेना, श्री मनोज कुशवाह सहित प्रिंट एवं इलेट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार भी उपस्थित रहे।

## कॉलेज में देवी अहिल्याबाई की 300 वी जयंती पर हुई प्रतियोगिताएं



**बिछुआ।** शासन के निर्देशानुसार लोक माता देवी अहिल्याबाई की 300 वी जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेशव्यापी ' जनकल्याणी पर्व' के रूप में मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.पी.यादव के मार्गदर्शन में डॉ.अजीत डेहरिया के द्वारा सम्पन्न कराया गया दिनांक 27 मई को देवी ' अहिल्याबाई : जीवन और दर्शन विषय पर चित्रकला, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निबंध प्रतियोगिता में कुल 20 विद्यार्थी, भाषण प्रतियोगिता में 5 विद्यार्थियों ने एवं चित्रकला प्रतियोगिता में 07 विद्यार्थियों ने भाग लिया।इस आयोजन में सहायक प्राध्यापक रघुवीर उईके,डॉ.मदन ठाकरे डॉ.नोखेलाल साहू,योगेन्द्र सिंह डावर ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक अधिकारीयों एवं कर्मचारियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता दी।

# श्री कृष्ण जन्म एवं बाल लीलाओं का किया बखान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के वार्ड क्रमांक 18 सुकरी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक पंडित सुशील मिश्रा द्वारा श्री कृष्णा जन्म एवं बाल लीलाओं की कथा का बखान किया उन्होंने बताया कि भगवान श्री कृष्ण के जन्म लेते ही काल कोठरी में प्रकाश पुंज जगमगाता है जहां पर काल कोठरी के सारे पहरी अचेत अवस्था में हो जाते हैं और श्री कृष्ण के माता-पिता की बेड़ियां खुल जाती है।

वासुदेव श्री कृष्ण को टोकरी में रखकर अपनाती जमुना पार करा कर गोकुल में नंद बाबा के घर छोड़ते हैं इसके उपरांत गोकुल में भव्य उत्सव मनाया जाता है तत्पश्चात भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का बखान भागवत आचार्य पंडित सुशील मिश्रा द्वारा किया गया। कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6:00 बजे तक किया जा रहा है कथा स्थल वार्ड क्रमांक 18 सुकरी पुराने नाके के पास बड़ी संख्या में भक्ति कथा का श्रवण करने पहुंच रहे हैं कथा आयोजन सोनू यदुवंशी एवं परिवार ने क्षेत्र की जनता से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# उत्कृष्ट विद्यालय में खिलाड़ियों को अच्छे आचरण के दिए टिप्स

## वॉलीबॉल कैंप जुन्नारदेव में नगर निरीक्षक बघेल और प्राचार्य श्री दीक्षित ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा श्री सत्येंद्र सिंह मरकाम के निर्देशानुसार खेल विभाग, वेकोलि कन्हांन एरिया व नगर पालिका जुन्नारदेव के सहयोग से उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव के प्रांगण में संचालित ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर में शाम को नगर निरीक्षक श्री राकेश सिंह बघेल और उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव के प्राचार्य श्री चंद्रशेखर दीक्षित खिलाड़ी छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचे और उनका उत्साह बढ़ाया। टीआई श्री बघेल ने खिलाडियों को मोबाइल से दूर रहने और खेलते रहने की सलाह दी । साथ में यह भी बताया कि पुलिस समाज की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है । उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव के प्राचार्य श्री चंद्रशेखर दीक्षित ने खिलाड़ियों को भविष्य में सफलता के लिये आवश्यक मार्गदर्शन और समझाईश दी। उन्होंने जीवन के लिए खेलना कितना जरूरी है इसका महत्व भी बताया । खिलाड़ियों का 9 मैदानों पर खेल देखने के बाद बड़ी संख्या में उपस्थित खिलाड़ी छात्र-छात्राओं के साथ बैठकर बातचीत की और उन्हें बताया कि हम कैसे कोई गलती करने से बच सकते हैं । सोशल मीडिया पर हमें बहुत ही सावधान रहने की आवश्यकता है । बच्चे मोबाइल का उपयोग कम करें, जहां तक हो सके इससे दूर रहे और खेलकूद और पढ़ाई में अधिक से अधिक समय लगाएं । जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा के जिला क्रीड़ा प्रभारी श्री अनुरोध शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर प्रशिक्षकों एवं खिलाडियों द्वारा नगर निरीक्षक एवं प्राचार्य का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया । इस दौरान प्रशिक्षक श्री शर्मा, श्री अनुराग शर्मा, श्री धनंजय चौरसिया, सुश्री पूर्वी कुमरे, श्री राजीव गौतम, श्री सादिक कुरैशी, श्री पावेल सिंह, श्री संजय बामने, श्री महेंद्र डेहरिया, श्री प्रशांत डेहरिया, श्री परितोष चौरसिया, श्री नमन साहू, श्री आकिब खान आदि उपस्थित थे।

# बिहार सरकार के खिलाफ बौद्ध समाज ने किया विरोध

## रैली निकाल कर महामहिम राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

बुद्धगया महाबोधि महाविहार को मुक्त करने, भन्ते वीनाचार्य को रिहाई की मांग को लेकर संविधान बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले बौद्ध समाज ने बुधवार को नगर में विशाल रैली निकाल कर नारेबाजी करते हुए बिहार सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया,रैली का शुभारभ बौद्ध विहार में भदत शीलरक्षित महाथेरो के द्वारा तथागत बुध्द, डॉ बाबा साहेब अंबेडकर के प्रतिमा अभिवादन बुध्द वंदना के साथ किया गया। विरोध रैली के द्वारा डॉ बाबा साहब अंबेडकर चौक एवं संविधान चौक पर पहुंचकर जय भीम सलामी दी। तहसील कार्यालय में पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार भावना मलगाम को संविधान बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारी के द्वारा ज्ञापन सोपा गया।

ज्ञापन में समिति केप्रवीण बागडे,निलेश गजभिये,अमोल रंगारे,हर्षद ढोके,सूरज पगारे,बादल बोरकर,आदि ने बताया कि इस भारत भूमि में बुध्द का जन्म हुआ हैं,तथा हमारे भारत देश को पुरे विश्व में बुध्द की भूमि के कारण सम्मान मिलता हैं,महाबोधी महाविहार पर बी०टी० एक्त के तहत 1949 से ब्राम्हणो ने कब्जा कर रखा है।

# लॉ कॉलेज में मनाई गई अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जंयती

**छिंदवाड़ा।** शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा में लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300 जयंती के अवसर पर उच्च शिक्षा के निर्देशानुसार में प्राचार्य डॉ बीके अकोदिया के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंगलवार को महाविद्यालय के सभागार में भाषण, प्रश्नमंच और चित्रकला स्पर्धा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात विधिवत मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजन के साथ हुई। जंयती समारोह के कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डॉ दम्यंती कटरे ने अहिल्या बाई होल्कर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वें न्यायप्रिया, संघर्ष शील और कुशल शासिका रहीं हैं। उनका जीवन सम्पूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणादायीं है। भाषण में अमृता सनोड़िया ने प्रथम, बोधिसत्व गजभिये ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नमंच स्पर्धा में 3 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रश्नमंच में प्रतिभागी के रूप उमेश साहू , उमा भारती यादव, अमृता सनोड़िया, रितिक तिवारी, अनुषिका कनौजे, अभिषेक वर्मा, दिव्या सोनी, आशुतोष धुर्वे, अर्चना यादव ने भाग लिया। चित्रकलां में एकता मिश्रा और तरन्नुम राईन ने हिस्सा लिया। स्पर्धाओं में निर्णायकों की भूमिका डॉ कमलाकर मोटघरे, डॉ स्नेहा कुमारी, राकेश कुमार कोष्टी, कमलेश चरपे अदा की।

## कलेक्टर ने अधिकारियों कर्मचारियों को त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

# जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत सुनी 205 आवेदकों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है ।

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गनिर्देशन में प्रभारी एडीएम एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 205 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से भूमि का रकबा एवं खसरा नक्शा सुधारने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्माननिधि की राशि दिलाने, गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाने, मकान का पट्टा प्रदान करने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम बीसापुर के ग्रामवासियों ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने व मोक्षधाम आने-जाने के लिये प्रचलित मार्ग खुलवाने, ग्राम पाठई के श्री दुर्गेश पटेल ने विरासत हक की जमीन को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने, तामिया निवासी श्रीमती प्रमिला ने जमीन का सीमांकन करने, ग्राम मानेगांव के ग्रामवासियों ने सार्वजनिक शासकीय कच्चे रास्ते से अवैध कब्जा हटाने, ग्राम बोरिया के श्री विजय कुमार त्रिपाठी ने कृषि भूमि रिकॉर्ड में नाम सुधारने, ग्राम सिंगोड़ी के श्री धनकुमार नेमा ने व ग्राम पंचायत खैरवानी के श्री शिवप्रसाद यदुवंशी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम खूनाझिरखुर्द की श्रीमती सरफिला ने भूमि का सीमांकन करने, ग्राम पंचायत पालाचौरई के श्री राकेश कुमार व ग्राम बींझावाड़ा के श्री देवीराम ने भूमि का पट्टा दिलाने, ग्राम दहेगांवकला के दिव्यांग श्री नरबदी भलावी ने इलेक्ट्रिक ट्रायसायकल दिलाने, ग्राम बिछुआकला के श्री संतलाल ने गरीबीरेखा का कार्ड बनाने व किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, छिंदवाड़ा नगर की श्रीमती जानकीबाई ने विधवा पेंशन व लाडली बहना योजना का लाभ दिलाने एवं नगर के वार्ड क्रमांक-44 गुलाबरा के आकाश नागवंशी ने आर्थिक सहायता दिलाने प्रकरण आए।

### कांग्रेस कार्यालय में मनाई पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि

# पूर्व प्रधानमंत्री के चरणों में नत मस्तक हुए कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



भारत के प्रथम व लम्बे समय तक देश का नेतृत्व करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस जन उनके चरणों में नत मस्तक हुए। उनकी दूरदर्शी सोच व राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की हिस्सेदारी के महत्व को वे बखूबी समझते थे। आजादी के लिये अंग्रेजों से लम्बा संघर्ष किया। नेहरू को प्यार से पंडित नेहरू भी बुलाते थे।

मंगलवार को स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने उन्हें अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर हृदय से नमन किया। नगर कांग्रेस के तत्वावधान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुये कांग्रेस के वक्तओं ने कहा, कि नेहरू की पहली प्रतिबद्धता भारत को एक आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था वाला राष्ट्र बनाने की थी। जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने आधुनिक शिक्षा के केन्द्र और विशाल सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग स्थापित किये। जो एक बढ़ते हुए राष्ट्र और वहां के लोगों की मूल जरूरतों को पूरा करते हैं। वैज्ञानिक सोच पैदा करने के लिये नेहरू ने उच्च शिक्षा के केन्द्रों की स्थापना कर देश को नई दिशा प्रदान की। भारतवर्ष में एक जीवंत लोकतंत्र, औद्योगिक महाशक्ति, ज्ञान का पुंज, एक विश्व स्तर पर सम्मानित सैन्य शक्ति व एक प्रौद्योगिकी एवं अंतरिक्ष अन्वेषक होने का पूर्ण श्रेय पंडित जवाहरलाल नेहरू को जाता है। उन्होंने एक मजबूत भारत की नींव रखी जहां सभी को समान अधिकार, कानून का अधिकार व स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है। केन्द्रिय लक्ष्यों के साथ ही संस्थाओं का भी निर्माण कराया है। नेहरू को अच्छी तरह समझने के लिये उनके दूसरे पहलू को भी देखना होगा। जहां वे बच्चों व भविष्य के नागरिकों को प्रेरित करते रहे हैं। जैसा, कि उन्हें बच्चों के द्वारा प्यार से चाचा नेहरू बुलाया जाता था। आज भी 14 नवंबर को उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है, कि उनका स्नेह बच्चों के प्रति कितना अटूट रहा है। श्रद्धांजलि सभा में कमल राय ब्लाक अध्यक्ष, बसन्त मालवी ब्लाक समन्वयक, वीर बहादुर सिंह, शंकर लाल साहू, चन्द्र भूषण डेहरिया, राम नारायण तिवारी, गुड्डू चौरसिया, देवीराम विश्वकर्मा, सुरेश डेहरिया, मजीद खान, अशोक शर्मा, ब्रजेश भलावी, शैफ खान ब्लाक प्रवक्ता, इकलाख सिद्दीकी, शकील खान, जानू खान, उत्कर्ष वाल्मीक, अंकुर अग्रवाल, मनीष बेन, प्रतिभा सोनी, अंजलि श्रीवास्तव, सावित्री वर्मा, पूनम कैथवास, रीना बावरिया, सुनीता यादव एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने किया।

## देवी अहिल्या होल्कर पर हुई विचार संगोष्ठी

**परासिया** : देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन दर्शन पर विचार संगोष्ठी का भाजपा कार्यालय पर आयोजन संपन्न हुई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पेंचव्हेली कॉलेज के प्रोफेसर डॉ नीलेश मेश्राम उपस्थित हुए। जिन्होंने देवी अहिल्याबाई के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रूप भाजपा विधानसभा प्रभारी ज्योति डेहरिया, जिला महामंत्री परमजीत सिंह विज, परासिया शहरी मण्डल अध्यक्ष बल्लू नागी, पगारा मण्डल अध्यक्ष मनीष सोनू यादव, शिवपुरी मण्डल अध्यक्ष देवी पाल, उमरेठ मण्डल अध्यक्ष रामप्रसाद कुमरे, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सज्जू तिवारी, जिला मंत्री सुख नंदन जावरे, हरिश्चंद्र अग्रवाल, क्रडिट सोसायटी अध्यक्ष मार्कण्डेय सूर्यवंशी, नपा उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर, नरेंद्र विश्कर्मा, पवन सूर्यवंशी, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सिद्धार्थ मुखर्जी, रिंकू घोरके, सोनू पंडित उपस्थित रहे। मंच संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन एस सी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रूपेंद्र डेहरिया के द्वारा किया गया।

## बाल सुसंस्कार शिविर का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

स्थानीय श्री गुरूदेव सेवामंडल भवन में चल रहे 15 दिवसीय जोगामृत बाल सुसंस्कार शिविर का आज समापन हुआ। इस शिविर का उद्देश्य छोटे बच्चों को सनातनी हिंदू संस्कृति के संस्कार प्रदान करना, मोबाईल की आदत छुडवाना, तथा मानसिक एवं शारीरिक रूप से बच्चों को स्वस्थ्य बनाना था।

इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को वैदिक संस्कृति पाठ, गीता पाठ, ध्यान, योगासान, कराटे, वारकरी नृत्य हरिपाठ, संस्कृत श्लोक पाठ, तथा गायन एवं वादन संगीत का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। शिविर का संचालन आचार्य ह.भ.प. रामेश्वर महाराज घागरे आलंदी, कराटे प्रशिक्षण जागृति पराडकर, संगीत प्रशिक्षण डॉ. पवन कलंबे द्वारा प्रशिक्षण शिविर में निशुल्क रूप से दिया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रम्ह चैतन्य विभुदत्त जोशी महाराज, वीररूद्र मुनी शिवाचार्य महाराज, रामाश्रयी प्रवीण पालीवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए मार्गदर्शन दिया।


## सिंगोड़ी में निकली ऐतिहासिक श्री जिनेन्द्र शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

मंगलवार के शुभ दिन धर्म नगरी सिंगोड़ी श्री आदिनाथ भगवान की जय, श्री पार्श्वनाथ भगवान की जय, श्री महावीर भगवान की जय, अहिंसा परमो धर्म की जयघोष सहित जिनशासन के मंगलगान से गुंजायमान हो उठी, मंगलमय प्रसंग था श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय के दो दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभारंभ पर निकाली गई श्री जिनेन्द्र शौभायात्रा का। जिसमें श्री पार्श्वनाथ जिनालय ट्रस्ट के साथ अपार जैन समुदाय ने वीतराग देव - शास्त्र - गुरु भगवन्तों को रथ में विराजमान कर शौभायात्रा के साथ मंगलगान करते हुए नगर का भ्रमण किया ओर जिनशासन की मंगल प्रभावना की। शौभायात्रा का सकल जैन समाज के साथ सकल हिंदू समाज सहित बड़ी संख्या में सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों ने आत्मीय अभिनंदन कर आरती के साथ चंबर नृत्य कर पूजा अर्चना की ओर सिंगोड़ी में सामाजिक एकता की मिशाल पेश की। आज बुधवार को घट यात्रा निकलेगी साथ में याग मंडल विधान कर श्री पार्श्वनाथ जिनालय में जिनबिंब, आचार्य भगवन्तों के चरण, मां जिनवाणी विराजमान की जावेगी। शोभायात्रा में बाल ब्रह्मचारी डॉक्टर मनोजकुमार जैन जबलपुर, बाल ब्रह्मचारी महेंद्र शास्त्री अमायन, पंडित विराग शास्त्री जबलपुर, पंडित मनोज शास्त्री करेली, पंडित ऋषभ शास्त्री, डॉ. विवेक जैन, ब्रह्मचारी भाई बहने, विद्वतगण, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ विजय पांडे, जय सक्सेना, सोनू सरसवार, उमेश शर्मा, पुष्पकुमार जैन, योगेश यादव, कैलाश साहू, परसादी पटेल, राजेंद्र कंच, प्रदीप पांडे सहित पूरे प्रदेश एवं देश भर से जैन बंधुगण सम्मिलित हुए जिनका महोत्सव के अध्यक्ष इंद्रकुमार जैन, मन्नूलाल जैन, शिखरचंद जैन, मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने आत्मीय अभिनंदन कर उनका स्वागत किया। शौभायात्रा के बाद सकल जैन समाज का साधर्मी वात्सल्य स्नेह भोज का आयोजन किया गया। शौभायात्रा की सुंदर व्यवस्था में नगर निरीक्षक पंकज राय सहित पुलिस प्रशासन का सराहनीय योगदान प्राप्त हुआ।

## देवी अहिल्याबाई की 300 वीं जयंती पर पीएमश्री कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज 27 मई को देवी अहिल्याबाई की 300 वीं जयंती पर स्थानीय पीएम कॉलेज ऑफ एक्सलेंस में प्राचार्या डॉ. शहनाज खान के मार्गदर्शन में तथा आइक्यूएसी प्रभारी डॉ. ललिता धुर्वे के सहयोग से विभिन्न विधाएं कराई गई। इनमें निबंध, भाषण प्रतियोगिता तथा चित्रकला प्रमुख रही। इस अवसर पर छात्र छात्राओं को लोकमाता देवी अहिल्याबाई का जीवन परिचय दिया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सरयू शेंडे, द्वितीय स्थान हिमांशु लबाड, तृतीय स्थानआरिया कवडेती ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हिमांशु लबाड, द्वितीय स्थान सरयू शेंडे तथा तृतीय स्थान पंकज गोलाइत ने हासिल किया। चित्रकला में रूपाली देशमुख को प्रथम स्थान मिला। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रामपाल कुमरे, प्रो. शीतल गुजरे, प्रो मनोज धुर्वे, डॉ. सारिका बंसोड, डॉ. प्रजेंद्र रघुवंशी, डॉ. श्रेयास परसाई, डॉ. सुमन यादव, डॉ. अनिल पिंपलकर, डॉ. सूरज रामटेके, विनोद घोडे तथा राधेशाम बुवाडे का सहयोग रहा।

## मां भगवती गौशाला की कार्यकारिणी घोषित



**पांढुर्ना।** गत दिनो गायत्री शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में संचालित मां भगवती गौशाला उमरीखुर्द की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। इसमें डॉ. अनील पुरी, शाम बतरा, गजानद सत्कार, रमेश कोरडे, जयंत चरडे, दीवाकर बालपांडे, सरिता खवसकर, हेमलता पुरी, पुरूषोत्तम कोरडे, योगीराज वानोडे, तुकाराम किनकर, भास्कर टोंगे इत्यादि उपस्थित रहे। इस अवसर कार्यकारिणी में नए सदस्य जोडे गए जिनके नाम अनीश शाह, नीतिन बेहूने, प्रकाश देशमुख, दिनेश देशमुख, सेवकराम पराडकर, शांताराम चचाने, प्रवीण अमजीरे, परसराम पराडकर है। इन सभी नए सदस्यों का पुरानी पदाधिकारियों ने गायत्री मंत्र का उच्चारण कर गमछा पहनाकर हार्दिक स्वागत किया। कामठीकला के उपसरपंच चंद्रशेखर माटे ने सभी का आभार प्रदर्शन किया।

### पेड़ पर लटके हुए अधिवक्ता अनूप चौबे का निरीक्षण करते हुए पुलिसकर्मी

# हत्या या आत्महत्या? पुलिस कर रही विवेचना



**वारासिवनी।** नगर के प्रसिद्ध अधिवक्ता अनूप चौबे का शरीर मंगलवार की दोपहर में रामपायली मार्ग पर स्थित हिमाचल नगर के एक खेत में बबूल के पेड़ में रस्सी के सहारे लटकता हुआ पाए जाने से पूरे नगर में सनसनी फैल गई।जैसे-जैसे सोशल मीडिया के माध्यम से श्री चौबे की आकस्मिक मृत्यु की खबर नगर व क्षेत्र में फैलती गई, वैसे-वैसे घटनास्थल पर उनके शुभचिंतकों,नागरिकों व परिजनों का एकत्रित होना प्रारंभ हो गया। पुलिस ने सूचना मिलने पर स्थल पर पहुँच कर पंचनामा कार्यवाही कर श्री चौबे के मृत शरीरको पेड़ से उतारा और फिर पोस्टमार्टम के लिए शासकीय चिकित्सालय वारासिवनीमें ले जाया गया हैं।

### हिमाचल नगर की एक कालोनी में बबूल के पेड़ से लटका मिला शव

जानकारी अनुसार मंगलवार की दोपहर में हिमाचल नगर में स्थित कॉसल परिवार द्वारा बनाई जा रही कालोनी के बगल के सुनील नागेन्द्र के खेत के पास स्थित बबूल के पेड़ में एक व्यक्ति की लाश को लटकते हुए पाया, तो उसकी सूचना पार्षद संदीप मिश्रा को दी गई। जिन्होंने इस बात की सूचना एक युवक को दी। जिसके बाद युवक पुलिस अधिकारियों को सूचना देकर स्वयं घटनास्थल पर पहुँचा। जहॉ पर उसने रस्सी के सहारे बबूल के पेड़ पर एक व्यक्ति को लटकता हुआ पाया। इसी बीच पुलिस विभाग के कुछ अधिकारी भी घटना स्थल पर पहुँचे और उन्होंने लटके हुए व्यक्ति की फोटो मोबाईल से खींचकर दूसरों को भेजकर जानकारी ली। फॉसी पर लटके हुए व्यक्ति की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होते हुए उसकी पहचान अधिवक्ता अनूप चौबे के रुप में हुई और फिर देखते ही देखते घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई।

### एएसपी विजय डाबर पहुँचे घटनास्थल पर

पुलिस अधिकारियों द्वारा घटनाक्रम की सूक्ष्म जॉच के लिए बालाघाट से एफएसएल की टीम बुलाई गई। जिसने स्थल से सबूतों को एकत्रित करने का प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलने पर एडिशनल एस पी विजय डाबर भी घटना स्थल पर पहुँचे। जिन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया। उसके बाद श्री चौबे के मृत शरीर को फॉसी के फंदे से उतारा गया और फिर शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में लाया गया। जहॉ पर उनका पोस्टमार्टम किया जायेगा।

### अपने मधुर व मिलनसार व्यवहार के लिए प्रसिद्ध श्री चौबे के द्वारा

फॉसी लगाकर मौत को गले लगाने की बात किसी के गले नहीं उतर रही हैं। लेकिन वर्तमान परिस्थितियॉ इस बात की गवाही दे रही हैं कि उनके द्वारा स्वयं रस्सी से फॉसी लगाकर आत्महत्या की गई हैं। किंतु उसके बावजूद भी पुलिस विभिन्न कोणों से इस पूरे मामले की जॉच कर रही हैं।

## सीएमओ की अनदेखी से नगरपालिका को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान अवैध कालोनी में बिना अनुमति हो रहा सडक़ व भवन निर्माण



**वारासिवनी।** नगरपालिका परिषद वारासिवनी अंतर्गत विभिन्न वार्डो में कृषि व अन्य भूमियों पर अवैधानिक रुप से प्लाट काट कर बेचने व निर्माण करने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इस मामले में शिकायत के बावजूद नगरपालिका परिषद में बैठे हुए अधिकारीगण सिर्फ नोटिस-नोटिस का खेल खेल रहे हैं। जिसका खुलासा सूचना के अधिकार के तहत नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा दी गई जानकारी से हुआ हैं। जिसमें सीएमओ दिशा डेहरिया की अनदेखी व लापरवाही के कारण आर्थिक तंगी की मार को झेल रही नगरपालिका परिषद को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा हैं। सूचना के अधिकार के तहत मॉगी गई थी जानकारी नगर के वार्ड नम्बर 9 निवासी धीरज विक्की सेन्दरे द्वारा 24 मार्च2025 को सूचना के अधिकार के तहत वार्ड नम्बर 8 व 9 में कालोनाईजर रितेश पटले द्वारा अवैधानिक रुप से की गई प्लाटिंग व उसमें किए जा रहे निर्माण कार्य के संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर नगरपालिका परिषद वारासिवनी से दस्तावेजी जानकारी मॉगी गई थी। अवैध कालोनी के निर्माण पर कालोनाईजर को दिए गए एक साल में 3 नोटिस जिसके जवाब में नगरपालिका परिषद वारासिवनी के सहायक लोक सूचनाअधिकारी द्वारा मुख्य नगरपालिका अधिकारी वारासिवनी द्वारा पूर्व में रितेश पटले को जारी किए गए नोटिसों की प्रति प्रदान की गई है। जिसके अनुसार अवैध रुप से कालोनी बनाने की जानकारी मिलने पर कालोनाईजर रितेश पटले को 5 जून 2024, 4 जुलाई 2024 व 15 जनवरी 2025 को पत्र जारी किए गए थे। दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने दिया गया था निर्देश नगरपालिका परिषद वारासिवनी ने कालोनाईजर रितेश पटले को भेजे गए पत्रों में उल्लेख किया गया था कि उनके द्वारा वार्ड क्रमांक 8 मेंअभिषेक पेट्रोल पंप के पीछे और वार्ड नम्बर 9 में टोन्डिया के पास में

अवैध कालोनी विकसित की जा रही है, जिसे रोकने के लिए दूरभाष एवं मौका स्थल पर उपस्थित होकर सूचित किया गया था। लेकिन उनके द्वारा कालोनी विकसित करने के कार्य को नहीं रोका गया। जो मध्यप्रदेश नगरपालिका कालोनी विकास नियम 2021 में प्रावधनित नियम 22(2)एवं 22(3) का स्पष्ट उल्लंघनहैं। इसीलिए अवैध कालोनी में हो रहे निर्माण कार्य को रोक कर कालोनी हेतुकालोनाईजर के रजिस्ट्रेशन हेतु समस्त दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुतकरे।दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने पर निर्माण सामग्री जप्त करने की दी थी चेतावनी

इसके साथ ही मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने पत्र में कालोनाईजर रितेशपटले को चेतावनी दी थी कि ऐसा नहीं करने पर मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम

में प्रावधनित नियमों के तहत विकसित कालोनी परिसर में निर्माणाधीनसामग्री एवं अन्य सामग्रियॉ जप्त की जायेगी और होने वाले व्यय की वसूली आपसे की जायेगी।एक साल होने के बाद भी निर्माण सामग्री नहीं हुई जप्त, ना निर्माण कार्य हुआ बंद इस पूरे मामले में जानकारी हासिल करने वाले आरटीआई एक्टिविस्ट

धीरज विक्की सेन्दरे ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिशा डेहरिया एवं उपयंत्री पर आरोप लगाया हैं कि इन अधिकारियों द्वारा पिछले एक वर्ष में

कालोनाईजर रितेश पटले के खिलाफ कोई कार्यवाही करने के स्थान पर

**नोटिस-नोटिस का खेल खेला गया हैं। उनके द्वारा अवैध कालोनी बनाने वाले** कालोनाईजर को नोटिस जारी निर्माण सामग्री व अन्य सामग्री जप्त करने की बात तो पत्रों में लिखी हैं, किंतु आज तक उनके द्वारा अवैध कालोनी में होरहे निर्माण कार्य की एक भी सामग्री की जप्ती नहीं बनाई गई हैं।सीएमओ व उपयंत्री के संरक्षण में नपा की भूमि पर कालोनाईजर का कब्जे का आरोप उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी व उपयंत्री के संरक्षण के कारण कालोनाईजर रितेश पटले ने नगरपालिका के स्वामित्व की भूमि

पर भी निर्माण कार्य कर लिया है। जिसकी जानकारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी व उपयंत्री दोनों को हैं, लेकिन उनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करना उनकी मिलीभगत को दर्शाता हैं।

सीएम हेल्पलाईन की शिकायत में झूठी जानकारी देकर कालोनाईजर को बचाने का लगाया आरोप

शिकायतकर्ता श्री सेन्दरे ने बताया कि इस संबंध में सीएम हेल्पलाईन में भी शिकायत की गई थी, जिसमें भी सीएमओ द्वारा गलत जानकारी देकर शासन

को गुमराह करने का प्रयास किया गया हैं। सीएमओ द्वारा अवैध रुप से कालोनी निर्माण करने वाले कालोनाइजर के खिलाफ कार्यवाही करने के स्थान पर उसेलगातार बचाने का प्रयास किया जा रहा है, जो इस बात की पुष्टि करता हैं कि सीएमओ व कालोनाईजर के बीच किसी ना किसी प्रकार का आर्थिक लेनदेन हुआ हैं,

जिसके कारण सीएमओ कार्यवाही करने के स्थान पर कालोनाईजर को बचाने का कार्य कर रही हैं।

अवैध कालोनी में बिना अनुमति बनाए जा रहे भवन से लाखों रुपये का राजस्व नुकसान उन्होंने बताया कि इस अवैध कालोनी में प्लाट खरीदने वाले एक व्यक्ति

द्वारा भवन का निर्माण करवाया जा रहा हैं, जिसकी किसी भी प्रकार कीअनुमति नगरपालिका परिषद वारासिवनी से नहीं ली गई है। जिससे नगरपालिका को

राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा हैं। उसके बावजूद सीएमओ व उपयंत्रीद्वारा इस निर्माण कार्य को रुकवाने के स्थान पर उसे धड़ल्ले से बनने दे

रहे हैं। जबकि इस भवन निर्माण कार्य की जानकारी उसके प्रारंभ होने केदौरान ही दी गई थी और अब इस भवन की छत ढलने का कार्य होने वाला हैं।

किंतु नगरपालिका सीएमओ द्वारा इस अवैध निर्माण करने वाले व्यक्ति को किसीभी प्रकार का नोटिस जारी नहीं किया गया हैं। इससे ऐसा लगता हैं कि बिनाअनुमति के भवन निर्माण करने वाले व्यक्ति से भी सीएमओ व उपयंत्री कीमिलीभगत हैं।कलेक्टर व एसडीएम से निर्माण सामग्री जप्त करने व कालोनाईजर के खिलाफ

एफआईआर कराने की मॉग शिकायतकर्ता श्री सेन्दरे ने कलेक्टर बालाघाट व एसडीएम वारासिवनी से

मॉग की हैं कि अवैध कालोनी में बन रहे बिनाअनुमति भवन की छत ढलने पर रोक लगाई जाये और स्थल पर रखी गई समस्त निर्माण सामग्री को जप्त कर बने हुए भवन को ध्वस्त किया जाये। इसके साथ ही अवैध रुप से कालोनी का निर्माण करने वाले कालोनाईजर रितेश पटले के खिलाफ पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवाई जाये।

**इनका कहना है:-**

इस संबंध में नगरपालिका सीएमओ से चर्चा कर जानकारी लेकर कार्यवाही की जायेगी।
राजीव रंजन पांडे एसडीएम
वारासिवनी।

## महाविद्यालय में मनाई गई लोक माता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती

वारासिवनी

शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में 27 मई को सुबह साढ़े 11 बजे कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र एवं निर्देशानुसार लोक माता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनके जीवन अवदान पर केन्द्रित विभिन्न प्रतियोगिताएं एवंविषय विशेषज्ञ व्याख्यान का गरिमामयी कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारीप्राचार्य डॉ0 एस0 एस0 गेडाम के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी कृष्णापराते के नेतृत्व में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ0 एस0 एस0 गेडाम तथा विशिष्ट अतिथि के रूप मेंडॉ0 रक्षा निकोसे विभागाध्यक्ष हिन्दी, नरेन्द्र कुमार डोंगरे सहायकप्राध्यापक हिन्दी, विकास साहू क्रीड़ा अधिकारी तथा 70 छात्र-छात्राएंउपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी कृष्णा पराते द्वारा प्रारंभ मेंकार्यक्रम की रूपरेखा तथा देवी अहिल्या बाई होल्कर के संक्षिप्त जीवनपरिचय से अवगत कराते हुए उनके महान कार्यों, शासन व्यवस्था, विचार धाराएवं निर्माण कार्य से अवगत कराया।एक वीर योद्धा व कुशल शासक के रुप में जानी जाती थी अहिल्या बा व्याख्यान कार्यक्रम में डॉ0 एस0एस0 गेडाम द्वारा लोक माता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनके जीवन अवदान परप्रकाश डालते हुए कहा गया कि वे अठारहवीं शताब्दी में मराठा साम्राज्यएवं माहेश्वर को राजधानी बनाकर शासन करने वाली वीर योद्धा एवं कुशल शासक के रूप में जानी जाती है। उन्हें मालवा की महारानी होने के साथ-साथलोकमाता के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपने राज्य के लोगों के कल्याण एवं उत्थान के लिए अथक प्रयास किए। अहिल्याबाई ने काशी विश्वनाथ का करवाया था पुनर्निर्माण विशिष्ट अतिथि डॉ0 रक्षा निकोसे द्वारा कहा गया कि लोकमाताअहिल्या बाई होल्कर ने अपने शासन काल में 12 ज्योतिर्लिंग में से एक काशी विश्वनाथ का निर्माण कार्य कराया तथा सोमनाथ मंदिर में अनेक आक्रमणों के पश्चात मंदिरों को बचाया एवं पुननिर्माण कराया। एक महिला होने के साथप्रजा की भलाई के लिए शासन किया और समाज सुधार के लिए अनेक प्रयास किए। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन नरेन्द्र कुमार डोंगरे सहायक प्राध्यापक हिन्दी द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम प्रभारी द्वारा उपस्थितअतिथियों तथा छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## पर्वतारोही अंकित ने फहराया तिंरगा




**मण्डला।** पर्वतारोही अंकित नामदेव ने हिन्द महासागर नीले पानी के समुद्र के पूर्वोत्तर भाग में अपने नाम एक नया रिकॉर्ड दर्ज किया है उन्होंने बताया है कि 14 मार्च को भारतीय समय अनुसार सुबह 9 बजकर 10 मिनिट में 24 मीटर 80 फिट की गहराई में हिन्द महासागर वाये ऑफ वेंगल में भारत की शान में सफलतापूर्वक भारतीय ध्वज लहराने का साहसिक कार्य किया है। भारतीय ध्वज लहराने का यह कार्य की प्रशंसा देश विदेश तक में हो रही है अंकित की इस उपलब्धि पर जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह हमारे जिले के लिये गौरव का विषय का है की आपने इस जोखिम भरे कार्य को किया है। इस हौसले की में प्रशंसा करता हूं साथ ही आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं और बधाई देता हूं। अंकित ने बताया कि इस काम में उनके साथ भारत की स्कूबा डाइविंग कंपनी अर्बन नोमाड एडवेंचर पुडुचेरी की टीम मौजूद रही वहीं माउंटेनियर अंकित ने अपनी हिमालय यात्रा के दौरान हिमालय पर्वत की पार्वती पीक 13,850 फिट पर तिरंगा फहराया था उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी माउंटेनियरिंग एकेडमी मनाली हिमाचल प्रदेश से बेसिक माउंटेनियर कोर्स को पूर्ण किया है।

## खबर संक्षेप



### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, एक घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला मुख्यालय से मंडला रोड स्थित भोमा के समीप लगभग 15 किलोमीटर दूर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम 4:30 बजे मंगलवार को सिवनी से भोमा के बीच एक पुलिया में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए। जिसमें एक युवक की मौत घटनास्थल पर हो गई है। गंभीर रूप से घायल 58 वर्षीय व्यक्ति को उपचार के लिए जिला अस्पताल सिवनी ले जाया गया है।

# मनरेगा में मशीनों का दखल मजदूरों को नहीं मिल रहा रोजगार



फाईल फोटो

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जनपद की ग्राम पंचायतो मे मनरेगा योजना का उद्देश्य गुम होता नजर आ रहा है। मजदूरों को रोजगार देने के बजाय काम जेसीबी और ट्रैक्टरों से कराया जा रहा है। ग्रामवासियों ने आरोप लगाया है कि खेत-तालाब जैसे श्रमप्रधान कार्यों में मशीनों का उपयोग खुलेआम हो रहा है, जिससे स्थानीय मजदूरों का रोजगार छिन रहा है।

**मजदूर ताकते रह जाते हैं, मशीनें खुदाई कर लेती हैं:** पंचायतो मे खेत , तालाब खुदाई का कार्य चल रहा है, लेकिन यह खुदाई मजदूरों से नहीं, बल्कि जेसीबी मशीन से कराई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई मजदूर आसपास मौजूद रहते हैं, इस उम्मीद में कि शायद उन्हें भी काम मिल जाए, लेकिन मजदूरी के हकदार मजदूर दूर बैठकर मशीनों को काम करते हुए देखने को मजबूर हैं।

### पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप

ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधि, सचिव, रोजगार सहायक और उपयंत्री की मिलीभगत से मशीनों का प्रयोग कर मनरेगा के फंड से मनमानी की जा रही है। इससे न केवल योजना की मूल भावना को ठेस पहुंच रही है, बल्कि हजारों ग्रामीणों का रोजगार भी खतरे में है। मनरेगा का उद्देश्य गांव में ही लोगों को रोजगार देना है, लेकिन यहां योजना केवल अफसरों और दलालों के लिए कमाई का जरिया बन चुकी है।

# दो युवकों के ट्रेन की पटरियों पर मिले शव

**सिवनी जिले के घंसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमोदा ग्राम के समीप सुबह लगभग 8 बजे 2 युवकों का शव ट्रेन की पटरियों पर मिले है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



जानकारी के अनुसार अमोदा ग्राम के समीप ट्रेन की पटरियों के पास से कुछ लोग जा रहे थे जहां उन्हें 2 युवकों के शव दिखाई दिए। इस बात की सूचना लोगो ने घंसौर पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा है। मृतकों की पहचान मंगल मरकाम पिता विष्णु मरकाम उम्र उम्र 29 निवासी गुवारिया पुलिस चौकी छींदा, ममलेश मसराम पिता किष्नु मसराम उम्र 24 वर्ष निवासी भालपानी थाना धनोरा के नाम से हुई है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों युवक ट्रेन की पटरियों में बैठे थे और पीछे से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गए जिससे इनकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ।

### किसानी करते थे मृतक

जानकारी मिली है कि दोनों युवक खेती किसानी का काम करते थे जिनमें से ममलेश की शादी नही हुई है। और मंगल के 2 बच्चे हैं जिनमे एक बेटा और एक बेटी है। दोनों की मौत कैसे हुई इसका वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नही हुआ है। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झरिया का कहना है की सूचना मिली थी कि ट्रेन की पटरियों के पास 2 युवकों का शव मिला है। मौके पर जाकर जांच की मौके से कुछ डिस्पोजल शराब की बोतल और पानी की बोतल मिली है। साथ ही एक बाइक भी मिली है। जिस स्थान में यह घटना घटी वहां अंधा मोड़ है। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

## सुहागिन महिलाओं ने किया वट सावित्री पूजन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ज्येष्ठ अमावस्या के अवसर पर शहर समेत गांव में सोमवार को वट सावित्री पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने अपने पतियों की लंबी आयु और सुखी जीवन के लिए व्रत रखा। हिंदू धर्म में वट सावित्री पूजन का विशेष महत्व है। विवाहित महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। पूजन के दौरान महिलाओं ने पीले धागे से वट वृक्ष की परिक्रमा की।

पूजन विधि के अनुसार, महिलाओं ने पूजा संपन्न होने के बाद ही जल ग्रहण किया। ललिता मिश्रा, ममता सनोडिया, किरण शुक्ला, पूनम मिश्रा, गोदावरी सनोडिया, पूजा सनोडिया, मोनिका सनोडिया, संगीता सनोडिया, शिल्पी मिश्रा, स्वाति तिवारी, शालू मिश्रा, रश्मि दुबे आदि ने पूजा की। इस अवसर पर सुहागिनों ने सुहाग सामग्री का दान भी किया। बांकेगंज के विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक वट सावित्री पूजन संपन्न किया।

### तेज रफ्तार कार ने बाईक सवार को टक्कर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गोपालगंज : लखनवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत **NH** 44 पर स्थित गोपालगंज बाईपास पर 10 बजे तेज रफ्तार डिजायर कार क्रमांक **UP** 32 **QR** 6953 जो कि नागपुर से सिवनी की ओर आ रही कार ने बाईक क्रमांक **MP** 22 **ML** 4685 जो कि सिवनी से गोपालगंज की जा रहे बाईक सवार गुलाब रजक पिता भैया लाल रजक उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी आजाद वार्ड सिवनी को जोरदार टक्टर से गम्भीर रूप से घायल को लखनवाड़ा पुलिस ने तत्काल जिला अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया। गम्भीर हालात देखते हुए नागपुर रिफर किया गया।

# एम एन ओ राव निभा रहे अपनी सामाजिक जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

नागपुर से शहडोल चलने वाली गाड़ी संख्या 11201/11202 में एक ऐसा रेलवे कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहा है जिसकी यात्रियों के द्वारा भरपूर प्रशंसा की जा रही है। नागपुर से शहडोल चले वाली गाड़ी में एक ऐसा टिकिट चेकर जो कि अपनी ड्यूटी पूरी मुस्तैदी से तो निभा ही रहा है बल्कि यात्रा के दौरान सामाजिक जागरूकता का भी काम कर रहा है। टिकिट चेकर एम एन ओ राव रेलगाड़ी में अपनी ड्यूटी के दौरान युवाओं को पान मसाला गुटका शराब से दूर रहने के लिए लगातार जागरूक कर रहे है, उनके द्वारा एक ऐसा अभियान चलाया जा रहा है जिसमें युवाओं को नशे से दूर रहने और नशे से होने वाले शारीरिक, पारिवारिक, और सामाजिक नुकसान



के बारे में बता कर जागरूक किया जा रहा है।

रेलवे कर्मचारी एम एन ओ राव यात्रियों को रेलवे के नियमों के बारे में भी जागरूक कर रहे है जैसे कि गेट पर बैठ कर लटक कर यात्रा करने होने वाली दुर्घटनाओं के लिए यात्रियों को सजग करना, बिना टिकट यात्रा नहीं करने एवं रेलवे स्वच्छता बनाए रखने का लगातार भी संदेश दिया जा रहा है।

यात्रियों ने बताया कि टिकिट चेकर एम एन ओ राव के द्वारा गाड़ी में यात्रा कर रहे बुजुर्गों और मरीजों का विशेष ध्यान रख रहे है ।

यात्रियों ने बताया कि शहडोल से नागपुर की और यात्रा करने वाले कुछ कैंसर मरीजों से युवाओं के मिलवा कर बता रहे है कि तंबाखू और शराब के सेवन से इस तरह का भयंकर कैंसर हो सकता है जिससे खुद पर और परिवार पर कितनी भयंकर समस्या आ सकती है। यात्रियों के द्वारा बताया गया कि टिकिट चेकर के द्वारा अपनी ड्यूटी के साथ साथ सामाजिक जागरूकता का कार्य किया जा रहा है जो कि सराहनीय है।

# फसलों में ज्यादा यूरिया का उपयोग बना रहा मिट्टी को बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



कृषि भूमि में यूरिया का अत्यधिक इस्तेमाल मिट्टी की सेहत बिगाड़ रही है। जमीन में नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश और जिंक की कमी होने लगी है। इसके साथ ही मानव स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। किसानों का असंतुलित खाद डालने का लोभ सब पर भारी है। मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला की वर्ष 2024-25 की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है।

इस पर कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने चिंता जाहिर करते हुए किसानों को संयमित व्यवहार करने की सलाह दी है।खरीफ सीजन अगले माह 15 जून को मानसूनी बारिश के साथ शुरू हो जाएगा।

**मानव स्वास्थ्य पर असर**

किसानों को मक्का समेत अन्य फसलों में एक एकड़ में दो बोरी यूरिया की जरूरत है। वे ज्यादा उत्पादन के लोभ में बेहिसाब 5-6 बोरी तक इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे पौधे की ग्रोथ समय से ज्यादा होने पर फसल लेट रही है। फसल की लागत भी दोगुनी हो रही है। ये उपज जब मानव आहार बनती है तो उनके स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ता

### अपचन, गैस समेत कैंसर से बदला खान-पान का ट्रेंड

खेती में रासायनिक खाद के अत्यधिक इस्तेमाल से जैसे-जैसे अपचन, गैस, कैंसर की बीमारियां सामने आ रही है, वैसे-वैसे खान-पान का पुराना ट्रेंड वापस लौट रहा है। सरकार भी प्राकृतिक खेती को बढ़ाने का लक्ष्य तय कर रही है। लोग चाहते है कि उन्हें स्वस्थ अनाज का भोजन मिले। वे जैविक सब्जी-अनाज ढूंढ रहे हैं।

### मृदा कार्बनिक के साथ जिंक की सर्वाधिक कमी

रिपोर्ट के अनुसार जिले के किसानों से उनके खेतों की मिट्टी के नमूने लिए गए। इनमें सबसे ज्यादा मृदा कार्बनिक व जिंक तत्व की कमी पाई गई है। शेष तत्व आयरन, मैगनीज, कॉपर, सल्फर और बोरान की स्थिति संतोषजनक है। कृषि अधिकारियों के मुताबिक नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश की कमी भी बनी हुई है, जिसे किसान अनदेखा कर रहे हैं।

### एनपीके और जिंक के संतुलित इस्तेमाल से सुधार

खेती में यूरिया के इस्तेमाल से केवल नाइट्रोजन और डीएपी से नाइट्रोजन, फास्फोरस की पूर्ति होती है। पोटाश, जिंक की कमी बनी रहती है। वैज्ञानिकों के अनुसार यदि किसान एनपीके और जिंक का संतुलित इस्तेमाल कर लें तो मिट्टी की सेहत सुधर सकती है।

# पांचवीं और आठवीं कक्षा की पुनः परीक्षाएं 2 जून से, राज्य शिक्षा केंद्र ने जारी की संशोधित समय-सारणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

राज्य शिक्षा केंद्र, मध्यप्रदेश द्वारा कक्षा पांचवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों के लिए सत्र 2024-25 की पुनः परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। अब यह परीक्षाएं 2 जून 2025 से प्रदेशभर के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। इन परीक्षाओं का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक निर्धारित किया गया है।

यह पुनः परीक्षा उन विद्यार्थियों के लिए रखी गई है जो मार्च-अप्रेल माह में आयोजित मूल्यांकन परीक्षा में न्यूनतम योग्यता अंक प्राप्त नहीं कर सके थे या किसी विशेष कारणवश परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाए थे। राज्य शिक्षा केंद्र का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अगली कक्षा में प्रोन्नति से वंचित न रह जाए। इस परीक्षा के माध्यम से ऐसे विद्यार्थियों को अपनी शैक्षणिक क्षमताओं को पुनः सिद्ध करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और वे अपने शैक्षणिक सफर को सुचारु रूप से आगे बढ़ा सकेंगे।

### ये है पांचवी की समय सारणी

डीपीसी ने बताया पांचवीं कक्षा के लिए संशोधित समय-सारणी के अनुसार, दो जून को प्रथम भाषा जैसे हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू एवं मराठी की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके बाद तीन जून को गणित की परीक्षा होगी, जिसमें दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए संगीत विषय का विकल्प भी रखा गया है। चार जून को पर्यावरण



अध्ययन, पाँच जून को द्वितीय भाषा (अंग्रेजी या हिंदी), तथा छह जून को तृतीय भाषा जैसे हिंदी, संस्कृत, उर्दू या पंजाबी की परीक्षाएं होंगी।

### आठवी के एग्जाम 9 जून तक

आठवीं कक्षा की परीक्षाएं भी दो जून से शुरू होंगी। पहले दिन प्रथम भाषा (हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, मराठी) की परीक्षा होगी। तीन जून को गणित, चार जून को विज्ञान, पांच जून को सामाजिक विज्ञान, छह जून को द्वितीय भाषा और नौ जून को तृतीय भाषा की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। तृतीय भाषा में संस्कृत, हिंदी, उर्दू, मराठी, उडिय़ा, पंजाबी और गुजराती जैसे विकल्प विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### दिशा निर्देश जारी किए

परीक्षा के सफल संचालन को सुनिश्चित करने हेतु शिक्षा विभाग ने समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, संकुल प्राचार्यों, विद्यालय प्रमुखों और शिक्षकों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। विभाग ने परीक्षा के दौरान पूर्ण अनुशासन, गोपनीयता और पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष बल दिया है। परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था, बैठने की उचित व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने की तैयारी जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है।

### आत्मविश्वास व एकाग्रता बनाए रखे

इसके अतिरिक्त शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से यह अपील की है कि वे परीक्षा की तिथियों को गंभीरता से लें, समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचें और परीक्षा की संपूर्ण तैयारी करें। विद्यार्थियों को यह भी सलाह दी गई है कि वे परीक्षा के समय संयम, आत्मविश्वास और एकाग्रता बनाए रखें ताकि वे अपने प्रदर्शन में सुधार कर सकें।

### दोबारा मिल रहा खुद को साबित करने का मौका

राज्य शिक्षा केंद्र का यह प्रयास उन विद्यार्थियों के लिए एक नया अवसर है, जो किन्हीं कारणों से पहले सफल नहीं हो पाए थे। यह कदम न केवल विद्यार्थियों को दोबारा खुद को साबित करने का मौका देता है, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में समावेशिता और समान अवसरों की दिशा में एक सकारात्मक पहल भी है। परीक्षा परिणामों के आधार पर योग्य विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रवेश मिलेगा, जिससे उनका शैक्षणिक सफर बिना किसी बाधा के आगे बढ़ सकेगा।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो पशुओ की मौत



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत आनेवाली बादलपार चौकी के ग्राम पंचायत मोहगांव तितरी के दरगडा निवासी कोमल भलावी पिता नर्सिंग भलावी के 2 बेल घर की पीछे बंधे हुए थे, अचानक तेज आंधी तूफान और गर्जना के साथ ही लगभग 2 बजे आकाशीय बिजली गिरने से 2 बेलो की मौत हो गई।

### इनका कहना है

आकाशीय बिजली गिरने से किसान के 2 बेलो की मौत हो गई है प्रकरण तैयार कर उचित मुआवजा राशि दी जाएगी। **आर आई राकेश दीक्षित**

# श्री तारण तरण दिगम्बर जैन समाज भैरोगंज में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कार्यक्रम के अंतर्गत समाज के सम्माननीय अध्यक्ष सुजीत जैन के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में 7 वे दिवस रात्रि कालीन में वर्तमान में हुए देश में पहलगाम हमले के जवाब में भारतीय सैनिकों द्वारा शौर्य पराक्रम से जो जवाब दिया गया । जिसका नाम समूचे भारत में ऑपरेशन सिंदूर तय कर जो जवाब दिया जिसका साक्षी समूचा विश्व है राष्ट्रीय भावना को जाग्रत करते हुए ब्रह्मचारी सुनील भईया एवं शिविरार्थि संचालकों ने ऑपरेशन सिंदूर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन रखा जिसमें समूचे समाज के बच्चों एवं बड़ों ने भाग लेकर अपनी कला से चित्रांकन कर जीवंतता



प्रगट की आज के इस कार्यक्रम में भूत पूर्व सैनिक समूह ने उपस्थिति दर्ज करा भारतीय सेना बल के सम्बन्ध में अपनी जुबानी सारा वृतांत बताया सारी समाज ने आप सभी का स्वागत कर राष्ट्र भावना प्रगट की समाज के उत्साह को देख का सैनिक गण अभिभूत हुए ।सर्व प्रथम राष्ट्रगान कर मंगला चरण के माध्यम से कार्यक्रम की शुरुआत कर समस्त समाज की उपस्थिति में सैनिकों का सम्मान समारोह किया गया । साथ ही समस्त शिविरार्थियों का इटारसी निवासी श्रीमती समीक्षा शोभित जैन द्वारा पुरस्कार वितरण कर प्रसन्नता जताई। कार्यक्रम का संचालन निलेश जैन द्वारा किया गया । जिसमें समाज के पंडित द्वय सतीश कुमार जैन ,पंडित संतोष जैन , सुनील जैन , महेश जैन ,सवाई सेठ आनंद जैन , सेठ उमेश जैन , संदीप तारण , अनुराग जैन (अन्नू), प्रवीण जैन , अनुराग मोंटी जैन , आशु जैन एवं समस्त समाज बंधुओं की गरिमामय उपस्थिति रही ।

## हिंदू सेवा परिषद की बैठक संपन्नः सुत गोदरे को जिला महामंत्री का दायित्व सौपा एवं प्रदेश सह सचिव बने धनराज माना ठाकुर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुत गोदरे हिन्दू सेवा परिषद मे हुए शामिल जिसमे उनको जिला महामंत्री का दायित्व दिया गया। गत 26 मई को शाम 7:00 बजे शुक्रवारी श्री राम मंदिर में हिंदू सेवा परिषद की बैठक रखी गई जिसमें सुत गोदरे को हिंदू सेवा परिषद का जिला महामंत्री का दायित्व दिया गया। जिसमे हिन्दू सेवा परिषद के प्रदेश सह सचिव धनराज माना ठाकुर , जिला अध्यक्ष शुभम मेहरा, जिला उपाध्यक्ष अंकित लाहौरी, जिला कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, जिला महासचिव पिंकेश विश्वकर्मा, जिला गौ रक्षा प्रमुख गुरु श्रीवाश, नगर उपाध्यक्ष अभिषेक ( राजा) साहू, नगर मंत्री अंश लाला, नगर महासचिव क्रिश करोसिया, जिला गौ सेवा सह प्रमुख दीपक रजक, जिला मंदिर प्रमुख राहुल ताम्रकार, भैरोगंज प्रखण्ड अध्यक्ष मयंक चौहान, गौ रक्षक सह प्रमुख सुमित, नगर सह मंत्री इशान्त ठाकुर, अंशुल एवं अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।



# नाबलिग को बहला फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी पंहुचा जेल

### डुण्डासिवनी पुलिस ने 48 घंटो मे नाबलिग बालिका को किया दस्तयाब कर किया परिजनो के सुपूर्द परिजनो के चहेरे पर आई खुशी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता व्दारा नाबालिक बालक एवं बालिकाओ के गुम होने एवं महिला सबंधी अपराधो के प्रति अति संवेदनशील है एवं उनकी दस्तायबी हेतु शीघ्र अतिशीघ्र प्रयासरत रहते है जो एएसपी गुरुदत्त शर्मा के निर्देशन, एंव सीएसपी श्रीमती पूजा पाण्डे के मार्गदर्शन में डुण्डासिवनी पुलिस व्दारा 48 घंटो के अंदर अपहता को नागपुर महाराष्ट्र से दस्तायब किया। दिनांक 23/05/2025 को थाना डुण्डासिवनी पर प्रार्थी उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी 14 वर्ष 8 माह कि बालिका जो ग्राम भण्डारपुर मे रहते है जो मेरे भाई के ग्राम उडेप़ानी गये थे जो रात्री मे मेरी लड़की बिना बताये कही चली गई है



जो मैने आसपास पता करने पर कोई जानकारी नही मिली जो प्रार्थी की शिकायत पर अप. क्रमाक 230/25 धारा 137 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल थाना प्रभारी सतीश तिवारी के नेतृत्व मे थाना स्तर पर टीम गठित कर अपहता कि दस्तायबी हेतु हर संभव प्रयास किये गये तकनिकी सहायता एवं आसपास व संदेहियो से पुछताछ कर पता चलने पर अपहता को 48 घंटे के अंदर नागपुर क्षेत्र से दस्तायब कर परिजनो के सुपुर्द किया गया पुछताछ करने पर बताई कि अभिषेक उर्फ आकाश धुर्वे निवासी चांवडी मुझे अपने साथ बहला फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर ले गया था जो कथनो एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर अरोपी के विरुद्ध धारा 63(घ) (vi), 64(2) (m),65 (1) 69 bns 3,4,5(1), 6 पाक्सो एक्ट का इजाफा कर मानन्यीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## जिलास्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 161 आवेदन

# शमशान में आवास बनाने कलेक्टर से लगाई गुहार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सी एल चिनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही।

जिलास्तरीय जनसुनवाई में ग्राम भरगा तहसील लखनादौन निवासी अनिल कुमार यादव द्वारा राजस्व रिकार्ड में हुई त्रुटि सुधार किये जाने विषयक, ग्राम गोपालगंज निवासी राहुल नाथ द्वारा बीपीएल कार्ड बनाये जाने एवं भूमि का सीमांकन कराये जाने विषयक, ग्राम गरठिया थाना बंडोल निवासी नीमचंद उइके द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि स्वीकृत कराये जाने विषयक, ग्राम घोटखेडा तहसील घंसौर निवासी प्रहलाद सिंह उइके द्वारा एकलव्य विद्यालय घंसौर में प्रवेश दिलाये जाने विषयक, अंबेडकर वार्ड सिवनी निवासी नंदकिशोर साहू द्वारा निशक्त विवाह प्रोत्साहन राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम बींझावाडा निवासी कौडीलाल डहेरिया द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम टाली तहसील केवलारी निवासी रम्मू उइके द्वारा पीएम आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम उडेपानी सिवनी निवासी धमेन्द्र धुर्वे द्वारा आमाटोला-उडेपानी की लिए पहुंच मार्ग बनाये जाने विषयक, ग्राम टिकारी निवासी रघुनंदन डहेरिया द्वारा रजिस्ट्री के आधार पर भूमि का नामांतरण कराये जाने विषयक, ग्राम घोघरी रैयत तहसील धनौरा निवासी चम्मलसिंह मरकाम द्वारा मुआवजा राशि दिलाये जाने विषयक, सिवनी निवासी गुहालाल मेश्राम द्वारा नाली से अतिक्रमण हटाये जाने विषयक, ग्राम कटिया सिवनी निवासी नरेश उइके द्वारा शमशान में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम ताखला तहसील बरघाट निवासी सुखदास अगासे द्वारा जीवन कल्याण योजना के तहत राशि दिलाये जाने विषयक, किदवई वार्ड सिवनी निवासी शिवरतन श्रीवास द्वारा मिशन वात्सल्य योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम झगरा केवलारी निवासी मनोज यादव द्वारा राशन पर्ची बनाये जाने विषयक, ग्राम दुटेरा उगली निवासी दीनदयाल ठाकरे द्वारा खाद्यान्न पर्ची प्रदान करने विषयक, ग्राम सुकरी कोहका निवासी बीनाबई द्वारा गैस प्रदाय करने विषयक, लखनादौन निवासी अनुसुईया डहेरिया द्वारा रजिस्ट्री में सुधार किये जाने विषयक, ग्राम रामगढ छपारा निवासी अनुसुईया गानगे द्वारा प्राथमिक शाला भवन बनाये जाने विषयक, सिवनी निवासी राजकुमार ठाकुर द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम छपाराकलां निवासी आरएस सिसोदिया द्वारा फौती दर्ज कर नामांतरण कराये जाने विषयक, ग्राम बलारपुर धनौरा निवासी मो. वासिर खान द्वारा नाले का सुधार कराकर बारिश के पानी से निजात दिलाये जाने विषयक, ग्राम गनेशगंज निवासी धनेश अहिरवार द्वारा कपिलधारा योजना अंतर्गत स्वीकृति कूपनिर्माण की राशि भुगतान कराये जाने विषयक, ग्राम खापाबजार निवासी चौधरी लाल मर्सकोले द्वारा गेहूं की बिक्री का समर्थन मूल्य की राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम कामता सिवनी निवासी राजा कुमरे द्वारा गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाये जाने विषयक, सहित कुल 161 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

## खबर संक्षेप

### चंदन नदी में छात्रों ने गाद निकालकर किया श्रमदान



**बालाघाट** कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन के कार्य निरंतर जारी हैं। इसी क्रम में विकासखंड वारासिवनी में जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर के सामाजिक कार्यकर्ता छात्रों ने सामूहिक श्रमदान कर जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश प्रसारित किया। जिसमे मेहंदीवाडा घाट में चंदन नदी के दोनों तट की पोलीथीन और गाद निकालकर साफ-सफाई की गई और जन जागरूकता का संदेश देने के लिए रैली निकाली गई। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार भगत ने कहा कि जल संरक्षण के लिए हमें सामूहिक सहभागिता और स्वैच्छिक भाव से प्रयास करना होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा जल संरक्षण के लिए हम सभी को सोख्ता गड्डे बनाना, जल स्त्रोतों की साफ सफाई करना, बोरी बंधान करनाचाहिए। जल संरक्षण आम नागरिकों के साथ-साथ वन्यजीवों के लिए भी अति आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शपथ दिलाई गई।जिसमें सुरेंद्र कुमार भगत,सावित्री राणा, सत्यवती नगपुरे, कोमेन्द्र बिसेन और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर समापन की ओर अग्रसर

**बालाघाट** एनसीसी के दस दिवसीय 96वां संयुक्त वार्षिक एनसीसी प्रशिक्षण शिविर समापन की ओर अग्रसर है। प्रतिदिन के अनुसार प्रातः 5 बजे योगा, पीटी तथा शारिरिक व्यायाम के साथा शुरूवात की गई। तत्पश्चात सभी कैडेट्स को ड्रिल तत्पश्चात कैडेटस की एनसीसी कक्षा का संचालन किया । शस्त्र प्रशिक्षण के साथ एनसीसी कैडेटस को भरवेली फायरिंग रेंज में फायरिंग करवाई गई। शस्त्र प्रशिक्षण के अंतर्गत 0.22 स्पोर्टस राइफल का परिचय कराया गया। लगभग 100 कैडेटस को एनसीसी अधिकारी धिरेन्द्र दत्त आर्या एवं सुबेदार जोगिंदरलाल, हवलदार हंसराज एवं जीसीआई विद्या बिसेन के नेत्रत्व में लाइव फायर का अभ्यास कराया गया। कैडेटस ने लगभग 400 राउंड्स 0.22 रायफल से फायर किये। इसके अलावा सायंकाल में सांस्कृतिक कार्यकम, एनसीसी अधिकारी कल्पना थोंबरे एवं श्रवण बोदेले के नेतृत्व में कैडेट्स द्वारा का आयोजित किया गया जिसमें कैडेटस ने अलग-अलग राज्य एवं संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हुए विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये । कैडेट्स को प्रोत्साहित करने के लिए कैन्प कमाण्डेंट ले. कर्नल विनीत कमल गुप्ता द्वारा विजेता एवं उपविजेताओं को मेडल देकर पुरूस्कृत किया गया।

ग्रामीणो को नक्सलियों से डरने की जरूरत नही, पुलिस कभी बेगुनाहो पर नही करेगी कार्यवाही- एएसपी शुक्ला

# लांजी एएसपी ने नक्सलप्रभावित ग्रामो के सरपंच व जनप्रतिनिधियो की ली बैठक

लांजी

बालाघाट जिला नक्सलवाद का विगत कई सालों से प्रमुख केंद्र बना है। इसके जंगल मार्ग से नक्सली छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र के बीच आसानी से आवागमन करने के साथ ही कैंप आदि लगाकर दलम को विस्तार देने का कार्य करते है। इतना ही नही नक्सली बालाघाट के ग्रामीणों को डरा धमकाकर राशन समेत अन्य सामग्री की उपलब्धता को भी पूर्ण करते है। ग्रामीणो की इन सब समस्याओ को दूर करने बालाघाट पुलिस समय-समय पर ग्रामीणो के साथ मधुर संबंध स्थापित करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित कर रही है।





वहीं नक्सलवाद की इस समस्या को दूर करने के साथ ही नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों को सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनसे मेत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करने बालाघाट पुलिस जन मेत्री प्रोग्राम के माध्यम से नवाचार भी कर रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को एसडीओपी कार्यालय लांजी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लांजी आदर्शकांत शुक्ला एवं एसडीओपी ओमप्रकाश द्वारा लांजी क्षेत्र के समस्त नक्सल प्रभावित ग्राम पंचायतो के सरपंच, जनप्रतिनिधियो एवं गणमान्य नागरिको की महत्वपूर्ण बैठक ली गई।

### किसी भी बेगुनाह के खिलाफ नही होगी कार्यवाही-शुक्ला

बैठक में एएसपी आदर्शकांत शुक्ला ने बताया कि विगत कुछ दिनो से देखा जा रहा है कि कुछ लोगो द्वारा भ्रामक खबर और नक्सलियों को लेकर ग्रामीणो में अफवाह फैलाई गई है जिसके चलते उनमें भय का माहौल है। उन्होने बताया कि पुलिस आमजन व ग्रामीणो के साथ है, पुलिस द्वारा किसी भी बेगुनाह के खिलाफ कोई कार्यवाही नही कर रही है और ना करेगी, ग्रामीणो को डरने की आवश्यकता नही है। उन्होने ग्रामीणो से कहा कि नक्सलियों की कोई भी सहायता न करे वे बिना संकोच के नक्सलियों के बारे में पुलिस को जानकारी दे सकते है जिसके लिए पुलिस द्वारा ग्रामीणो की सुरक्षा भी की जायेगी और उन्हे नक्सलियों से किसी प्रकार का कोई खतरा भी नही होगा। उन्होने बताया कि पुलिस के साथ सरकार भी नक्सलियों के खात्मे के लिए प्रतिबध्द है और यह तभी संभव है जब ग्रामीणो द्वारा पुलिस का सहयोग करेगी। श्री शुक्ला ने ग्रामीणों से किसी प्रकार की नक्सली गतिविधि के बारे में उन्हे जानकारी मिलने पर आगे आकर पुलिस को सूचना देने का आव्हान किया है।

गौरतलब हो कि पुलिस द्वारा जागरुक जनता, सजग पुलिस, सुरक्षित समाज का स्लोगन भी दिया है। वहीं पुलिस प्रशाससन द्वारा संवेदनशील नक्सल प्रभावित व दुर्गम क्षेत्र में निवासरत ग्रामीणों को शासन की समस्त योजनाओं से लाभांवित कर आमजन की विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने के लिए एक मंच प्रदान करने का प्रयास करना है। जिससे की इस माध्यम से जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों में जागरुकता व सुरक्षा की भावना का विकास कर उन्हें राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जा सके। जिसके चलते ही बालाघाट पुलिस ने जन मेत्री प्रोग्राम को तैयार कर नक्सल प्रभावित इन क्षेत्रों पर फोकस किया है। वहीं नक्सली ग्रामीणों को बरगला नहीं सकेंगे और पुलिस ग्रामीणों के बीच सामजंस्य स्थापित कर नक्सली उन्मूलन के कार्य किया जा सकेगा।

## महाविद्यालय पॉली एकेडमिक इंस्टीट्यूशन बिसोनी लांजी में ई प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभकिन चरणों में होगी काउंसलिंग




**लाँजी** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश अनुसार सत्र 2025-26 के B.Ed द्वि वर्षीय व B.Sc B.Ed 4 वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु मार्गदर्शी गाइडलाइन जारी कर दी गई है इसके साथ एनसीटीई से मान्यता प्राप्त एवं राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा से संबंध पाली एकेडमिक इंस्टीट्यूशन बिसोनी लांजी में भी B.Ed B.Sc B.Ed और माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल से संबंध D.El.Ed भी वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।B.ed और B.Sc B.Ed में प्रथम चरण की ऑनलाइन पंजीयन एवं शिक्षण संस्थान का चयन चॉइस फिलिंग 15.5.25 से 30.5.25 तक दस्तावेज का सत्यापन 16.05.2025 से 31.05.2025 तक मेरिट सूची का प्रकाशन 01.06.2025सेट आवेदन 5.6.2025 प्रवेश हेतु ऑनलाइन शुल्क का भुगतान 5.6.2025 से 12.6. 2025 तक निर्धारित है।इसी के साथ माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल से संबंध D.El.Ed पाठ्यक्रम में सत्र 202526 से प्रथम चरण का प्रवेश हेतु पंजीयन दिनांक 27.05.2025 से 5.6.2025 तक निर्धारित है।उपरोक्त सभी पाठ्यक्रम में ऑनलाइन पंजीयन के उपरांत चॉइस फिलिंग करना अनिवार्य है पंजीयन की सुविधा महाविद्यालय में उपलब्ध है अनुसूचित जनजाति एसटी के छात्र छात्राओं को प्रवेश शुल्क की शत प्रतिशत छात्रवृत्ति द्वारा प्राप्त करने की सुविधा भी उपलब्ध है।प्राप्त जानकारी के अनुसार B.Sc B.Ed में ई प्रवेश की प्रक्रिया 15 में 2025 से प्रारंभ हो गई है तथा 4 जुलाई 2025 तक संचालित की जाएगी प्रवेश हेतु ऑनलाइन व्यवस्था की गई है इस बार विभाग द्वारा तीन चरणों की काउंसलिंग का कार्यक्रम तैयार किया गया है।इस वर्ष ईप्रवेश एप्प तैयार किया गया है जिसमें छात्र-छात्राएं अब घर बैठे पंजीयन कर सकेंग वहीं जिन छात्र छात्राओं को घर से ऑनलाइन पंजीयन में असुविधा हो रही हो वह महाविद्यालय पाली एकेडमिक बिसोनी या हेल्प सेंटर की मदद ले सकते हैं।B.Sc B.Ed b.ed द्वितीय चरण की ऑनलाइन पंजीयन 7.6 2025 से 13.6 2025 तक दस्तावेजों का सत्यापन 8.6 2025 से 14.6 2025 तक मेरिट सूची का प्रकाशन 15.6 2025 सीट आवेदन 19.6 2025 हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों का सत्यापन 196 2025 से 23 6.25 तक प्रवेश हेतु ऑनलाइन शुल्क का भुगतान 19.6 2025 से 24.6 2025 तक तथा तृतीय चरण की ऑनलाइन पंजीयन 20.6 2025 से 25.6 2025 तक दस्तावेजों का सत्यापन 216 2025 से 26.6 2025 तक मेरिट सूची का प्रकाशन 27.6 2025 सीट आवेदन 30.6 2025 हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों का सत्यापन 30.6 2025 से 3.7 2025 तक प्रवेश हेतु ऑनलाइन शुल्क का भुगतान 30.6 2025 से 47 2025 तक निर्धारित है गौर तलब है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा D.El.Ed की द्वितीय वह तृतीय चरण का शेड्यूल जारी नहीं किया गया है शेड्यूल जारी होते ही पृथक से सूचना दे दी जाएगी।

# राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय की टीम ने वन स्टॉप सेंटर बालाघाट का किया निरीक्षण

निर्भया फंडिंग और सेवा प्रभावशीलता का लिया जायज़ा



**बालाघाट** भारत सरकार के निर्देशन में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय गुजरात की टीम द्वारा मंगलवार को बालाघाट जिले के वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया। वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री रचना चौधरी ने बताया कि यह निरीक्षण निर्भया फंडिंग एवं वन स्टॉप सेंटर के कार्य संचालन की समीक्षा के उद्देश्य से किया गया। टीम में शामिल रिसर्च ऑफिसर श्रीमती सांभवी राज एवं श्रीमती रिनी राय ने क्षेत्रीय भ्रमण के अंतर्गत प्रदेश के पाँच जिलों में यह अध्ययन किया गया जिनमें बालाघाट भी शामिल है। निरीक्षण के दौरान रिसर्च अधिकारियों ने वन स्टॉप सेंटर बालाघाट से सेवाएं प्राप्त कर चुकी लगभग 40 महिलाओं से संवाद कर सेवाओं की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता का प्रत्यक्ष मूल्यांकन किया। साथ ही, सेंटर में उपलब्ध व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया।

निरीक्षण जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक सुश्री रचना चौधरी तथा समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान वन स्टॉप सेंटर द्वारा दी जा रही सहायता, काउंसलिंग, पुलिस सहायता, विधिक सलाह, अस्थायी आश्रय आदि सेवाओं की सराहना की गई। इस अवसर पर टीम ने बालाघाट में पीड़ित महिलाओं के पुनर्वास और सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए इसे अनुकरणीय पहल बताया।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आज

**बालाघाट** : कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 28 मई को कलेक्ट्रेड सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है। सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप ने जानकारी देते हुए बताया है कि बैठक में आयुष्मान भारत योजना, एएनसी तथा डिलेवरी की स्थिति, शिशु स्वास्थ्य की समीक्षा, परिवार कल्याण की समीक्षा, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर की समीक्षा, क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा एवं अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लक्ष्य एवं उपलब्धि की विस्तार से समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही वर्ष 2025-2026 की सूक्ष्म कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी।

इराड से ट्रेक किये जायेंगे दुर्घटनाओं के प्रकरण

# सड़क सुरक्षा और दुर्घटना जोखिम व घातकता को कम करने के लिए नया सिस्टम लागू हुआ

### गोल्डन ऑवर में जान बचाने वाले नेक व्यक्तियों को मिलेगा पुरस्कार



**बालाघाटः** अब जिले में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अलग तरह से ट्रेकिंग सिस्टम लागू हो गया है। इसका सीधा सा सम्बंध सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के साथ ही, सड़क मापदंडों को समय रहते सुधार करना और घातक दुर्घटनाओं में उपचार सहित सभी कार्यवाही समय सीमा में पूरा करना है। मंगलवार को कलेक्टर श्री मृणाल मीना और एसपी श्री नगेन्द्र सिंह ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में नए सिस्टम में शामिल विभागों को अलर्ट करते हुए कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए है। साथ ही कलेक्टर श्री मीना ने राहवीर योजना यानी किसी भी घातक दुर्घटना में पीड़ति व्यक्ति को गोल्डन ऑवर समय में जान बचाने वाले व्यक्तियों को पुरस्कार राशि प्रदान करने और प्रचार करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा हिट एंड रन के मामलों में समय पर सहायता राशि प्रदान करने की प्रक्रिया में भी जिला स्तरीय समिति ने बदलाव करने की हिदायत दी है। इस सम्बंध में एसपी श्री सिंह ने कहा कि सहायता राशि में जो जो दस्तावेज या जानकारी आवश्यक है। इसकी चैक लिस्ट बनाये, ये लिस्ट यातायात और पुलिस थाने पूरी तरह तैयार कर शाखा में प्रस्तुत करेंगे। अगर फिर भी देरी होती है तो कार्यवाही की जाएगी। वहीं कलेक्टर श्री मीना ने जिले में 6 ब्लैक स्पॉट को व्हाइट स्पॉट बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाइवे और एमपीआरडीसी को 15 दिनों का समय दिया है। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी द्वारा जानकारी प्रस्तुत की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे,सीएमएचओ डॉ.परेश उप्लव,पीडब्ल्यूडी कार्यपालन यंत्री श्री अडमे, एमपीआईडीसी के श्री मुकेश बैले, यातायात प्रभारी श्री आकाश शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजुद रहे।

### इराड पर 4 विभागों तत्काल करना होगा रिस्पॉन्स

परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा के लिए एक नया सिस्टम बनाया गया है। इस नए पोर्टल/एप्प पर दुर्घटना की जानकारी मिलते ही, फील्ड ऑफिसर विजिट करने के बाद दुर्घटना के कारण तलाशते हुए एक दुर्घटना की आईडी जनरेट की जाएगी,फिर दुर्घटना से जुड़े बिंदु फ़ोटो वीडियो, दुर्घटना की स्थिति आदि की जानकारी और आईडी थाना प्रभारी को फारवर्ड होगी। इसके बाद से अन्य छानबीन सहित उपचार व दुर्घटना के कारणों को दूर करने के लिए सड़क निर्माण और स्वास्थ्य विभाग तत्पर कार्य करेंगे। इस पुरी दुर्घटना और कार्यवाही ऊपर लेवल पर भी मॉनिटरिंग में रहेगी।

### बैठक में इन बिन्दुओ पर भी हुई चर्चा और अमल में लाने के दिये निर्देश

बैठक के दौरान हिट एंड रन के प्रकरणो के निराकरण करने के साथ ही राहवीर योजना का विस्तार करने पर जोर दिया गया। वही जिले में 6 ब्लैक स्पॉट पर शीघ्रता से कार्य करने के साथ ही इराड के प्रशिक्षण के लिए निर्देशित किया गया है। वहीं में स्थायी ऑटो स्टैंड के सम्बंध में भी चर्चा हुई।

# सीएमओ द्वारा की जाएगी कॉलोनी पर एफआईआर

### सीमांकन नहीं हुआ तो दो महीने बाद फिर आया आवेदक, कलेक्टर ने तहसीलदार और एसडीएम दोनों बताएंगे कारण

बालाघाट

कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, एडीएम श्री जीएस धुर्वे और एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने संयुक्त रूप से जनसुनवाई की। जनसुनवाई में कुल 103 आवेदकों ने आवेदन किये। जनसुनवाई में नेवारगांव की दृष्टिबाधित गुनिता मंजारेवार ने बताया कि वो जन्म से ही 100 प्रतिशत ज्योतिहीन है और आगे पढ़ना चाहती है। गुनिता ने कक्षा 12 वी उत्तीर्ण कर महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहती है। जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ ने इस सम्बंध में जटाशंकर महाविद्यालय के प्राचार्य से जानकारी ली गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्कॉलरशिप से निःशुल्क प्रवेश के साथ ही अन्य लाभ मिल जाएगा। इसके अलावा सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय की स्कॉलरशिप से अन्य लाभ व 10 हजार प्रतिवर्ष मिलेगी। इस सम्बंध में शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में प्रवेश कराया जाएगा।

### कॉलोनी पर प्रकरण विचाराधीन

वारासिवनी स्थित न्यू विवेकानंद कॉलोनी निवासी ने जनसुनवाई में आवेदन देते हुए कहा कि सर्वसुविधायुक्त कॉलोनी बताया गया था। अवैध कॉलोनी में किसी प्रकार की सुविधा नही है। आवेदन के सम्बंध में वारासिवनी एसडीएम श्री आरआर पांडे से कलेक्टर श्री मीना ने जानकारी ली। बताया गया कि इस कॉलोनी का प्रकरण विचाराधीन है, कलेक्टर श्री मीना ने निर्देश दिए है कि कॉलोनीनाइजर पर नगर पालिका द्वारा एफआईआर दर्ज कराई जाए।





### गुरुवार को रास्ते के विवाद को सुलझाने पहुँचेगा दल

जनसुनवाई में भरवेली के राजेश शिववंशी ने आवेदन में बताया कि एक टाइल्स फैक्टरी से उसके खेत मे जाने का मार्ग अवरुद्ध किया जा रहा है। मामलें की सुनवाई करते हुए एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने तहसीलदार से इस सम्बंध में जानकारी ली गई। एसडीएम श्री सोनी ने आवेदक से कहा कि मामला संज्ञान में गुरुवार को मौका स्थल पर दल पहुँचकर कार्यवाही करेगा। लालबर्रा में बिरसोला के आवेदक द्वारा भूमि का बटांकन नही करने के सम्बंध में आवेदन दिया गया। इस मामले में कलेक्टर श्री मीना ने तहसीलदार स जानकारी ली साथ ही कहा कि बटांकन जैसे मामलें तुरंत निराकृत करें। इसके अलावा इसकी जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

इसी तरह खैरलांजी के त्रिवेणी वासनिक ने सीमांकन के सम्बंध में आवेदन किया। आवेदन के सम्बंध में खैरलांजी तहसीलदार से जानकारी ली गई। कलेक्टर श्री मीना ने इस आवेदन तथा अन्य प्रकरणों के सम्बंध में वारासिवनी एसडीएम श्री आरआर पांडे से जानकारी लेते हुए कहा कि 2 महीने बाद आवेदन पुनः जनसुनवाई में आया है। इसकी व्यवस्थित रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 जयंती पर हुआ गरिमामयी कार्यक्रम



बालाघाट

शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में मंगलवार को लोक माता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक गरिमामयी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनके जीवन पर केन्द्रित विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं विषय विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ एसएस गेडाम ने अपने व्याख्यान में कहा कि अहिल्या बाई होल्कर एक वीर योद्धा और कुशल शासक के रूप में जानी जाती हैं, जिन्होंने अपने राज्य के लोगों के कल्याण और उत्थान के लिए अथक प्रयास किए। विशिष्ट अतिथि डॉ. रक्षा निकोसे ने कहा कि अहिल्या बाई होल्कर ने अपने शासन काल में काशी विश्वनाथ और सोमनाथ मंदिर का निर्माण कार्य कराया और समाज सुधार के लिए अनेक प्रयास किए। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री नरेन्द्र कुमार डोंगरे द्वारा किया गया और अंत में आभार व्यक्त किया गया।